## अतिक्रमण मुक्त अभियान

# आज से सरकारी जमीन पर लगी गुमटियां हटाई जाएंगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सड़कों के किनारों पर सरकारी जमीन पर रखी अवैध गुमटियों को हटाने की मुहिम नगर निगम 31 अगस्त से शुरू करेगा। मंगलवार को सागोद रोड की गुमटियां हटाई जाएंगी। कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने बताया बिना परमिशन के लगी सभी अवैध गुमटियों को राजसात किया जाएगा।

इतना ही नहीं लगाने वालों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। इन गुमटियों से यातायात तो बाधित होता ही है, गंदगी और कचरा भी फैलता है। इधर सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान अलकापुरी स्थित भारत माता उद्यान में कचरा और गंदगी पाए जाने पर आयुक्त झारिया ने दरोगा चंदन तंवर, सफाई संरक्षक प्रेमबाई कचरू का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। साथ ही नोटिस भी जारी किया है।

दै. भास्कर 31/8/21

# आज से अतिक्रमण हटाने का चलेगा बड़ा अभियान

रतलाम. नगर निगम मंगलवार से शहर में सड़क को चौड़ी करने के अभियान में लगेगा। इसके लिए जा गुमटियां रास्ते पर आ रही है उनको हटाया जाएगा। 29 ऐसे तबेले जो लंबे समय से अवैध है उनको तोड़ने का कार्य होगा। नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एक सप्ताह में अतिक्रमण के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाई करवाई है। इसमे द्वारका रेसीडेंसी के यहां कब्जाई गई सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया है। इसके अलावा मित्र निवास रोड पर फूड पार्क की 56 दुकानों को बनाने के लिए 15 ऐसी गुमटियां साफ की गई जो 20 साल से अवैध रुप से चल रही थी। अब इसके आगे की कार्रवाई शहर में होगी।

पत्रिका 31/8/21

# सागोद रोड से होगी अवैध गुमटियां हटाने की शुरुआत

रतलाम। शहर के मुख्य मार्गों के आसपास अवैध रूप से लगाई गई गुमटियों को हटाने व राजसात करने की कार्रवाई नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा 31 अगस्त से प्रारंभ की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों पर बिना परमिशन के गुमटियों को लगाया जाता है। इससे यातायात बाधित होने के साथ ही कचरा व गंदगी भी होती है। ऐसी गुमटियों को मंगलवार से हटाया जाकर राजसात किया जाएगा। गुमटी हटाने व राजसात करने की कार्रवाई सागोद रोड से प्रारंभ की जाएगी। अवैध गुमटीधारी अपनी गुमटियां स्वयं हटा लें अन्यथा गुमटियों को हटाकर राजसात किया जाएगा। साथ ही जुर्माना भी वसूला जाएगा।

नईदुनिया 31/8/21

**कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर हुई दो, अगस्त माह में ही 4 नए मरीज आए** पत्रिका

# वक्त फिर संभलने का : कोरोना का एक और संक्रमित तो डेंगू के पांच मरीज भर्ती


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच रतलाम के मेडिकल कॉलेज में इसके मरीजों का उपचार शुरू हो गया है। मेडिकल कॉलेज में डेंगू के उपचार के लिए फिलहाल 5 मरीजों को भर्ती किया गया है, जिनका यहां उपचार चल रहा है। डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच एक बार फिर से रतलाम में कोरोना के भी दस्तक दी है। यहां फिर से कोरोना के दो नए मामले सामने आए हैं।

जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर अब 180 से ऊपर पहुंच गई है। सामान्य बुखार और डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच जिला अस्पताल में जगह कम पड़ने के कारण अब मेडिकल कॉलेज के अस्पताल को डेंगू मरीजों के उपचार के लिए खोल दिया गया है। यहां पर सोमवार को डेंगू के 5 मरीजों को भर्ती किया गया जिनका उपचार चल रहा है। इसके अतिरिक्त यहां पर दो से तीन अन्य मरीज भी भर्ती हैं।

## कोरोना का एक और मरीज आया सामने

रतलाम जिले के दूसरी बार कोरोना मुक्त होने के बाद एक बार फिर से बीते एक सप्ताह के दौरान एक के बाद एक दो नए मरीज सामने आ गए हैं। मेडिकल कॉलेज की कोविड लैब से शनिवार रात आई रिपोर्ट में कोरोना का एक और मरीज सामने आया है। नया मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिजनों का भी टेस्ट किया है, साथ ही मरीज को परिवार से अलग रखा है।



## बाल चिकित्सालय हो रहा तैयार

शहर में स्थित बाल चिकित्सालय को कोरोना की तीसरी लहर की संभावना के चलते नए सिरे से रिनोवेशन का काम किया गया है जो कि अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। दरअसल संभावना जताई जा रही है कि तीसरी लहर का सबसे अधिक प्रभाव बच्चों पर पड़ने वाला है, ऐसे में उन्हें सुरक्षित रखने और बेहतर उपचार देने के लिए बाल चिकित्सालय को भी नए सिरे से तैयार किया गया है।

## जिलेभर में तैयारी

कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए जिले भर में तैयारियों का दौर चल रहा है। अधिकांश स्थानों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किए जाने का काम पूरा हो चुका है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक हर जगह मरीजों के उपचार की व्यवस्था की गई है ताकि किसी को भी जिला मुख्यालय तक आने की जरूरत ना पड़े।

पत्रिका 31/8/21

# बीते 33 घंटे में एक इंच बारिश दर्ज: रविवार को दिन में जोरदार बारिश



रतलाम. जिले में शनिवार से शुरू हुआ बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा। दोपहर के समय अचानक से बारिश शुरू हो गई। कुछ देर हुई तेज बारिश के चलते सड़कें तालाब सी नजर आने लगी। करीब आधे घंटे तक चली तेज बारिश के चलते सड़क किनारे बनी नालियां भी उफान पर आ गई थी। वहीं अच्छी बारिश के चलते लोगों ने भी राहत की सांस ली लेकिन बारिश का दौर थमने के बाद फिर से उमस हो गई थी।

जिले में अब तक करीब 28 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक औसत 393.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। गत वर्ष इस अवधि में 887.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में गत 24 घंटों के दौरान सोमवार सुबह 8 बजे तक औसत 16.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। आलोट में 5 मिलीमीटर, जावरा में 45 मिलीमीटर, ताल में 4 मिलीमीटर, पिपलौदा में 6 मिलीमीटर, बाजना में 14 मिलीमीटर, रतलाम में 21 मिलीमीटर, रावटी में 34.2 मिलीमीटर तथा सैलाना में 4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले की सामान्य वर्षा 918.3 मिलीमीटर है।



पत्रिका।

पत्रिका 31/8/21

# लोकतंत्र सैनानियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जाएंगे- भौमिक

**रतलाम ●** लोकतंत्र सैनानी संघ के प्रदेशाध्यक्ष तपन भौमिक ने यहां कहा कि शीघ्र ही लोकतंत्र सैनानियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। सभी सैनानी अपने घर के बाहर एवं अपने वाहन पर लोकतंत्र सैनानी का स्टीकर अवश्य लगाए। श्री भौमिक यहां लोकतंत्र सैनानी संघ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी साथीगण रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाजसेवा में अपनी अहम भूमिका निभाएं। वर्तमान में अनेक समस्याएं है जिनका निराकरण करना समाज के ज़िम्मेदार लोगों का दायित्व है। सेवाभारती देश में समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही है। कोरोना काल में भी सेवाभारती की भूमिका उल्लेखनीय रही है। हमारे कई स्वयं सेवक और सैनानी सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सेवा करते रहे है। उन्होंने वैक्सीनेशन अभियान में भी भागीदारी का आग्रह किया और कहा कि कोरोना अभी गया नहीं है, सभी लोगों को सामाजिक दूरी का पालन करने, मास्क लगाने और कोरोना गाईड लाईन का पालन करने तथा टीकाकरण के लिए जागरूक करें, ताकि समाज में हम अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। स्वदेश

स्वदेश 31/8/21

# जिले में पांच नए मरीज मिले, रिपीट भी हो रहा डेंगू

## बीमारी • जिले में मरीजों का आंकड़ा 200 के करीब पहुंचा, पिछले साल की तुलना में चार गुना अधिक

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इससे निपटने के तमाम इंतजामों के बाद भी नए मरीज मिलने की संख्या में कमी नहीं आई है। जिला अस्पताल लैब के एलाइजा टेस्ट की तीस रिपोर्ट में सोमवार को डेंगू के नए पांच मरीज मिलने के बाद जिले में इस साल अब तक 191 मरीज मिल चुके हैं। इसमें शहर में ही 100 से अधिक मरीज हैं। निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे मरीजों की संख्या इससे कई गुना अधिक है। शहर में सर्वे टीम को प्रशिक्षित कर दोबारा सर्वे कराया जा रहा है। सोमवार को अवकाश के कारण सर्वे नहीं हुआ है।

पिछले साल जिले भर में कुल 42 मरीज मिले थे, जिसकी तुलना में इस बार चार गुना मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। हर दिन बीस से तीस संदिग्ध भी निकल रहे हैं, जो निजी अस्पतालों में उपचार ले रहे हैं। इनकी किट से जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है। लगातार फीवर सर्वे में मिले बुखार के मरीजों को उपचार देने के साथ घरों में मिल रहे लार्वा को नष्ट कराया जा रहा है और फागिंग भी हो रह रही है। अगस्त महीने में लगातार डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ी है। गंभीर बात यह है कि इस बार कई मरीजों को डेंगू रिपीट भी हो रहा है, इसका कारण मच्छरों से बचाव में लापरवाही माना जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि सर्वे चल रहा है और जो मरीज मिल रहे हैं, उनको उपचार दिया जा रहा है। नगर निगम द्वारा फागिंग करने के साथ ही प्रत्येक वार्ड के लिए एक-एक कर्मचारी नियुक्त कर उन्हें हैंड स्प्रे मशीन तथा कीटनाशक दवा उपलब्ध कराई गई है।

### मेडिकल कालेज में 60 बेड का वार्ड तैयार

मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज में 60 बेड का डेंगू का वार्ड तैयार किया गया है। इसमें 30 बेड महिला और 30 बेड पुरुष के लिए अलग-अलग रखे गए हैं। मंगलवार से उपचार चालू कर देंगे और डेंगू के मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा देंगे। इस समय कोरोना के मरीज कम निकल रहे है, तो डेंगू के मरीजों को उपचार देने की सुविधा चालू कर रहे हैं।

### जिला अस्पताल में बढ़े मौसमी बुखार के मरीज

इधर जिला अस्पताल में भी मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या पहले की तुलना में तीन गुना बढ़ गई है। महिला और पुरुष मेडिकल वार्ड में हालात ऐसे हो गए हैं कि अब मरीजों को जमीन पर लेटाकर उपचार लेने के लिए जगह नहीं मिल रही है। ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की कतार लग जाती है। सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ डेंगू का प्रकोप अधिक बढ़ गया है। लोग टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों की जांच करा रहे हैं, जिसके चलते सेंट्रल लैब में भीड़ लग रही है। सोमवार को ओपीडी में 2000 से अधिक मरीज पहुंचे, जबकि एक माह पहले तक मरीजों की 500 से 700 रोज होती थी। पिछले 15 दिन से लगातार मरीज बढ़ रहे हैं। हर दिन 1500 नई पर्ची कटती है और 500 से अधिक मरीज दोबारा आ रहे हैं।

जिला अस्पताल के आरएमओ डा. योगेश नीखरा ने बताया कि इस समय मौसम में बदलाव से मरीजों की संख्या बढ़ी है। मरीजों में बच्चों की संख्या भी अधिक है। बुखार पीड़ितों में डेंगू के लक्षण भी मिल रहे हैं। बुखार से बचने के लिए मच्छरों से बचें। घर और आसपास सफाई रखें जिससे मच्छर न पनपे। सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें हो रही हैं, कि जिला अस्पताल में पलंग नहीं मिल रहा है। इससे एक और काम बढ़ जाता है।



जिला अस्पताल में फागिंग करते हुए कर्मचारी। • नईदुनिया

नईदुनिया 31/8/21

## निकाय चुनावों पर की चर्चा

भोपाल (ब्यूरो)। कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष के शुभारंभ कार्यक्रम के बाद नगरीय निकाय चुनावों को लेकर भी चर्चा हुई। इस चर्चा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी पी. मुरलीधर राव, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत, सह संगठन महामंत्री हितानंद ने चुनावी तैयारियों पर बात की। पार्टी संगठन के अन्य पदाधिकारियों से भी विमर्श किया गया। बताया गया है कि इस चर्चा में निकाय चुनावों को लेकर जारी गतिविधियों में तेजी लाने को कहा गया है।

नईदुनिया 31/8/21

## 44 लोगों पर लगाया स्पॉट फाइन

रतलाम | खुले में कचरा डालकर गंदगी करने वाले 44 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया गया। कार्रवाई सैलाना बस स्टैंड, दो बत्ती, नौलाईपुरा, तोपखाना, महू रोड, गीता मंदिर रोड, चांदनीचौक, घास बाजार, चौमुखी पुल, लोकेंद्र टॉकिज क्षेत्र में की गई।

भास्कर

दे. भास्कर 31/8/21

# गंदगी फैलाने वाले 44 लोगों पर कार्रवाई, जुर्माना वसूला

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में कचरा व गंदगी करने पर 44 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना वसूला। इनमें राज गिफ्ट दो बत्ती से 5000, न्यू मौर्य रेस्टोरेंट सैलाना बस स्टैंड, पितलिया रेडिमेड नौलाईपुरा से 250-250, सरोवर साड़ी नौलाईपुरा, कमलाबाई तोपखाना, जगदीश, सागर, जावेद, सांवरिया रेस्टोरेंट, भारमल कार डेकोरेटर्स, सांवरिया आटो, कैपिटल आटो, खालसा कार डेकोरेटर्स, मोहम्मद हैतुब स्टोर, न्यू लक्की कार डेकोरेटर्स, राज कार डेकोरेटर्स महू रोड, मूणत मेडिकल जिला चिकित्सालय, विनोद, बुरहान हार्डवेयर अब्बास गीता मंदिर रोड, पूजा मेडिकल, आशा नमकीन कामर्स कालेज, संजय शर्मा, श्री बाम्बे चाट चांदनी चौक, मां भगवती माणक चौक, दीपक नौलाईपुरा, राठौर घास बाजार, जैन पावभाजी, पवन, साईं चाइनीज दो बत्ती, प्रदीप सैलाना बस स्टैंड, विराट आटो पार्टस, राज रेडियम सज्जन मिल रोड व राधारानी कंगन स्टोर चौमुखी पुल से 100-100 रुपये, विमलसिंह, शांतिबाई, मामाजी रेस्टोरेंट, राजेश लोकेंद्र टाकीज, कविता बाल चिकित्सालय, सुपर आटो गैरेज, लीलावती, राजू, जावेद महू रोड, धर्मवीर आटो गैरेज बाल चिकित्सालय से 50-50 रुपये व लोकेश सैलाना ब्रिज से 50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा द्वारा की गई।

## 98 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 98 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 50770, काम्पेक्टर सूखा कचरा 27415, काम्पेक्टर गीला कचरा 19040, मैजिक से 1505 किलो इस तरह कुल 98730 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। नईदुनिया

नईदुनीया 31/8/21

## दरोगा व सफाई संरक्षक का एक दिन का वेतन काटा

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान अलकापुरी स्थित भारत माता उद्यान में कचरा व गंदगी पाए जाने पर दरोगा चंदन तंवर व सफाई संरक्षक प्रेमबाई-कचरू का एक दिवस का वेतन काटा गया। दोनों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण भी चाहा गया है।

**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा स्व. भुवानीलालजी सोनी की स्मृति में जिला चिकित्सालय में भर्ती 101 नवजात शिशुओं के लिए उनके पालकों को नए कपड़ों की किट वितरित की गई। क्लब अध्यक्ष शरद गांधी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा में रोटरी लगातार कार्य कर रहा है। नईदुनिया

नईदुनिया 31/8/21

## जिले में आज 206 केंद्रों पर 52450 लोगों को लगेगी वैक्सीन

# 3 दिन में सवा लाख लोगों का वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य

पत्रिका
महामारी से महामुकाबला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** जिले में कोविड वैक्सीनेशन महाभियान के दूसरे चरण में तीन दिन के दौरान सवा लाख से अधिक लोगों को कोविड का वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत पहले दिन मंगलवार को जिले में 206 केंद्रों पर 52450 लोगों को कोविड वैक्सीनेशन किया जाएगा। वैक्सीनेशन को लेकर प्रशासन द्वारा 15 सितंबर तक रतलाम में कोविड वैक्सीन का पहला डोज सभी लोगों को लगाए जाने की बात कही है।

वैक्सीनेशन कार्य के चलते रतलाम शहर के आईएमए हॉल राजेन्द्र नगर केंद्र पर केवल को-वैक्सीन के दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। शहर के कम्युनिटी हॉल अल्कापुरी, काश्यप सभागृह सागोद रोड, जमातखाना, शेरानीपुरा, आफिसर क्लब दो बत्ती रोड केंद्र पर कोविशील्ड के केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। शहर के माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, प्राथमिक विद्यालय होमगार्ड कॉलोनी, काजीखान मस्जिद, मिडिल स्कूल ईश्वर नगर, प्रायमरी स्कूल बजरंग नगर के केंद्रों पर कोविशील्ड का पहला एवं दूसरा डोज लगाया जाएगा। न्यू कलेक्टोरट केंद्र पर कोविशील्ड का केवल दूसरा डोज विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को लगाया जाएगा। वहीं 1075 पर लाइन लिस्टिंग अनुसार लोगों को मोबाईल वेन के माध्?यम से वैक्सीनेट किया जाएगा।

### कलेक्टर ने की समीक्षा

जिले में आगामी 15 सितंबर तक शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के प्रथम डोज का वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कोविड-वैक्सीनेशन के तहत 31 अगस्त तथा एक व 2 सितंबर की तिथियों में सवा लाख से भी ज्यादा व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा वैक्सीनेशन प्रगति की समीक्षा बैठक में दी गई। ऑनलाइन आयोजित उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए सभी कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में सभी एसडीएम से जानकारी लेते हुए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी असामाजिक तत्व कानून व्यवस्था बिगाड़ नहीं पाए, यह सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक किसी भी पोस्ट पर पुलिस थाने में एफआईआर करवाई जाए।

### फैक्ट फाइल

31 अगस्त को कहा कितना व्यक्तियों का लक्ष्य

- जावरा - 15 हजार
- पिपलोदा - 12 हजार
- आलोट - 6 हजार
- रतलाम ग्रामीण - 7 हजार
- सैलाना - 5 हजार
- बाजना - 5 हजार
- रतलाम शहर - 3 हजार

पत्रिका 31/8/21

# आज जिले के 206 केंद्रों पर कोविड का वैक्सीनेशन किया जाएगा

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिले में कोविड वैक्सीनेशन महाभियान के दूसरे चरण में वृहद स्तर पर कोविड का वैक्सीनेशन किया जाना है। इस क्रम में मंगलवार को रतलाम शहर के आईएमए हॉल राजेन्द्र नगर केंद्र पर केवल को वैक्सीन के दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

शहर के कम्युनिटी हॉल अलकापुरी , काश्यप सभागृह सागोद रोड, जमातखाना शेरानीपुरा , आफिसर क्लब दो बत्ती रोड केंद्र पर कोविशील्ड के केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा ।शहर के माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार , प्राथमिक विद्यालय होमगार्ड कॉलोनी, काजीखान मस्जिद, मिडिल स्कूल ईश्वर नगर , प्रायमरी स्कूल बजरंग नगर के केंद्रों पर कोविशील्ड का पहला एवं दूसरा डोज लगाया जाएगा। न्यू कलेक्टोरट केंद्र पर कोविशील्ड का केवल दूसरा डोज विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को लगाया जाएगा ।1075 पर लाइन लिस्टिंग अनुसार लोगों को मोबाइल वैन के माध्यम से वैक्सीनेट किया जाएगा।

**1075 पर लाइन लिस्टिंग अनुसार लोगों को मोबाइल वैन के माध्यम से लगाएंगे टीके**

सैलाना क्षेत्र के बालक हायर सेकंडरी स्कूल सैलाना , कुमावत धर्मशाला सैलाना, ग्राम भल्लाकामाल , ग्राम माजापुरा , ग्राम गेनी, बोरदा , संकड , गुडभेली , गराड , सेला , रीछी , वाली , सेलवानिया , बेडदी , अमरगढ , भामट , पाटडी , कुंडा , मोरझर , तालाब बेरदी भिलान , पलबा , केलदी , खेडीकालां , केलदा , अमलिया डोलकलां , खाखरापाडा , आंबापाडा , कुआंझागर में कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा ।

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के बिरमावल, सुजलाना , बिरमावल खरी, लुनेरा, बिरमावल भुवानीपाडा, सिमलावदा, हिम्मतगढ उमरन, नायन, रघुनाथगढ़, भदवासा , बरबोदना , सिंगाखेड़ी , रामपुरिया, पलसोडी , सावलियारूंडी, धबाईपाड़ा , गोपालपुरा , जामथुन , लालगुवाडी , सरवनजागीर , आलनीया , करमदी , मलवासा , कांडरवासा , भाटीबडोदिया, धराड , सेवरिया , मांगरोल , जमुनिया , मउ , नौगावांजागीर , कोठडी , रत्तागढखेड़ा, प्रीतमनगर , दंतोडिया , बदनारा , सरवड में कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

पिपलोदा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पंचेवा , कन्या स्कूल सुखेडा , ग्राम पंचायत सुजापुर , उपरवाडा , कमलाखेडा , रियावन , प्राथमिक विद्यालय श्यामपुरा , ग्राम पंचायत कालूखेड़ा , बोरखेडा , शेरपुर , आम्बा , माउखेडी, भाकरखेड़ी , पिंडवासा, मचून , आंगनवाड़ी केंद्र केसरपुरा , प्रायमरी स्कूल बगिया, ग्राम पंचायत कंचनखेड़ी, जडवासा, चिकलाना , कालूखेड़ी , रणायरा , नेवेली , मांगलिक भवन सुखेड़ा , ग्राम पंचायत बरखेड़ा, मामटखेड़ा, चौरासीबडायला , सोहनगढ़ , बरगढ , माताजी बडायला , नांदलेटा , हतनारा , डाईट पिपलोदा, ग्राम पंचायत गुडरखेड़ा, लांबाखोरा में कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा ।

बाजना क्षेत्र के प्रायमरी स्कूल छायन , ग्राम भेरूपाडा हरथल , नाहरपुरा , सेजलदेवदा , नायन , रानीसिंग, आमलीपाडा, आदकिदया , तंबोलिया , जाबड , मलवासी , भेतिया , मौलावा , खेड़ी , संगेसरा , तालीखेड़ा , गडीगमना , कूडल , ठिकरिया , भोजपुरा, आमलीमाल, पिपलीपाडा , बिंटी , चिकनी , नलपाडा , खादन , संदला , करबलखोरा में कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा ।

आलोट क्षेत्र के आंबेडकर भवन नगर परिषद आलोट , विवेकानंद सुनार मोहल्ला आलोट , आंबेडकर भवन नगर परिषद ताल, ग्राम खजूरी सोलंकी , ग्राम करांड़िया , ग्राम बरशी , ग्राम जोयनईशामपुर टीके लगेंगे।

स्वदेश 3/8/21

# पीएम स्वनिधि के आठ हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र दिए

रतलाम | प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के हितग्राहियों को रविवार को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे गए। राज्यस्तरीय कार्यक्रम बालाघाट में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में हुआ। इसका बरबड़ विधायक सभागृह में सीधा प्रसारण किया गया। इसके बाद 8 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

विधायक चेतन्य काश्यप ने पीएम स्व निधि तथा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के बारे में बताया कि दोनों योजनाएं फेरी लगाकर स्वरोजगार धंधा करने वाले व्यक्तियों के लिए कोरोना काल में संजीवनी साबित हुई है। इनमें सरकार 10 हजार रुपए का ऋण बगैर ब्याज के देती है। उसे पुरा चुकाने पर दोगुनी यानी 20 हजार का ऋण मिलता है। सांसद गुमान सिंह डामोर ने भी संबोधित किया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण कुमार पाठक उपस्थित रहे।

दै. भास्कर 31/8/21

# टीकाकरण महाअभियान : 15 सितंबर तक जिला 100 % वैक्सीनेटेड होगा

रतलाम | कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया मंगलवार व बुधवार को जिलेभर में टीकाकरण होगा। इसके लिए 1.25 लाख वैक्सीन मिली है। 31 अगस्त को जिले के 206 केंद्रों पर 52450 लोगों को कोविड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। 15 सितंबर तक जिले के 100 प्रतिशत व्यक्तियों को प्रथम डोज लगा दिया जाएगा। 31 अगस्त को जावरा में 15000, पिपलौदा में 12000, आलोट में 6000, रतलाम ग्रामीण में 7000, सैलाना में 5000 तथा बाजना में 5000 का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**आज शहर में यहां लगेंगे टीके** -आईएमए हाल राजेंद्र नगर में दूसरा डोज तथा कम्यूनिटी हॉल अलकापुरी, काश्यप सभागृह सागोद रोड, जमातखाना, शेरानीपुरा, ऑफिसर क्लब, दो बत्ती रोड केंद्र दूसरा डोज लगेगा। माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, प्राथमिक विद्यालय होमगार्ड कॉलोनी, काजीखान मसजिद, मिडिल स्कूल, ईश्वर नगर, प्रायमरी स्कूल बजरंग नगर केंद्रों पर कोविशील्ड का पहला और दूसरा डोज लगेगा।

भास्कर

दै. भास्कर 31/8/21

टीकाकरण

**आज 206 केंद्रों पर 52450 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य, विभाग ने की पूरी तैयारी**

# 15 सितंबर तक जिले में सभी को लग जाएगी पहली डोज

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोविड-वैक्सीनेशन महाअभियान में अब तीन दिन में सवा लाख से भी ज्यादा लोगों को टीका लगाने की तैयारी है। इसमें मंगलवार को ही जिले में 206 केंद्रों पर 52450 टीके लगाए जाएंगे जबकि 15 सितंबर तक शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रथम डोज लगीं दी जाएगी। यह जानकारी सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा वैक्सीनेशन प्रगति की समीक्षा बैठक में दी गई।

बैठक में बताया गया कि 31 अगस्त को जावरा में 15 हजार, पिपलौदा में 12 हजार, आलोट में 6 हजार, रतलाम ग्रामीण में 7 हजार, सैलाना व बाजना में 5-5 हजार और रतलाम शहर में 3 हजार व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**शहर में इन केंद्रों पर लगेंगे टीके**

मंगलवार को रतलाम शहर के आइएमए हाल राजेंद्र नगर केंद्र पर




केवल को-वैक्सीन के दूसरे डोज का और शहर के कम्युनिटी हाल अलकापुरी, काश्यप सभागृह सागोद रोड, जमातखाना, शेरानीपुरा, आफिसर क्लब दो बत्ती रोड केंद्र पर कोविशील्ड दूसरी डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

शहर के माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, प्राथमिक विद्यालय होमगार्ड कालोनी, काजीखान मस्जिद, मिडिल स्कूल ईश्वर नगर, प्रायमरी स्कूल बजरंगनगर के केंद्रों पर कोविशील्ड का पहला एवं दूसरा डोज लगाया जाएगा। न्यू कलेक्टोरट केंद्र पर कोविशील्ड का केवल दूसरा डोज विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों को लगाया जाएगा।

**विकासखंड स्तर पर यहां होगा वैक्सीनेशन**

**सैलाना क्षेत्र-** बालक हायर सेकंडरी स्कूल सैलाना, कुमावत धर्मशाला सैलाना, ग्राम भल्ला का माल, माजापुरा, ग्राम गेनी, बोरदा, गुड़भेली, गराड़, सेला, रीछी, वाली, सेलवानिया, बेड़दी, अमरगढ़, भामट, पाटड़ी, कुंडा, मोरझर तालाब, बेरदी भिलान, फलवा, केलदी, खेड़ीकलां, केलदा, अमलिया डोलकलां, खाखरापाड़ा, आंबापाड़ा, कुआंझागर।

**रतलाम ग्रामीण-** बिरमावल, सुजलाना, बिरमावल खरी, लुनेरा, बिरमावल, उमरन, भुवानीपाड़ा, सिमलावदा, हिम्मतगढ़, नायन, रघुनाथगढ़, भदवासा, बरबोदना, सिंगाखेड़ी, रामपुरिया, पलसोड़ी, सांवलियारुंडी, धबाईपाड़ा, गोपालपुरा, जामथुन, लालगुवाड़ी, सरवन जागीर, आलनिया, करमदी, मलवासा, कांडरवासा, भाटीबड़ोदिया, धराड़, सेवरिया, मांगरोल, जमुनिया, मउ, नौगांवा जागीर, कोठड़ी, रत्तागढ़खेड़ा, प्रीतमनगर, दंतोड़िया, बदनारा, सरवड़।

**पिपलौदा-** प्राथमिक विद्यालय पंचेवा, कन्या स्कूल सुखेड़ा, ग्राम पंचायत सुजापुर, उपरवाड़ा, कमलाखेड़ा, रियावन, प्राथमिकविद्यालयश्यामपुरा,ग्रामपंचायत कालूखेड़ा, बोरखेड़ा, शेरपुर, आम्बा, माऊखेड़ी, भाकरखेड़ी, पिंडवासा, मचून, आंगनबाड़ी केंद्र केसरपुरा, प्रायमरी स्कूल बगिया, ग्राम पंचायत कंचनखेड़ी, जड़वासा, चिकलाना, कालूखेड़ी, रणायरा, नेवेली, मांगलिक भवन सुखेड़ा, बरखेड़ा, मामटखेड़ा, चौरासी बड़ायला, सोहनगढ़, बरगढ़, माताजी बड़ायला, नांदलेटा, हतनारा, डाइट पिपलौदा, ग्राम पंचायत गुड़रखेड़ा, लांबाखोरा।

**जावरा क्षेत्र-** ग्राम परवलिया, नयनागर, मिंडली, मरम्या, गोठड़ा, बनवाड़, अर्जला, ग्राम गोंदीधरमसी, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, पीएचसी ढोढर, ग्राम रोजाना, रेवास, बनवाड़ा, आयुर्वेदिक हास्पिटल जावरा, आंबेडकर भवन जावरा, नगर पालिका टाउन हाल एक जावरा, ग्राम ललियाना, नयापुरा, हिंगोरियाढांढु, भीमाखेड़ी, पाताखेड़ी, लुहारी, हुसैन टेकरी, बटवाड़िया, गुजरबर्डिया, लालाखेड़ा, बहादुरपुर, ग्राम उनी, पीर हिंगोरिया, हाटपिपलिया, बंडवा, मोरिया, रीछाचंदा, मुंडलाराम, कलालिया, झालवा, मीनाखेड़ा, धतरावदा, गोंदीधरमसी एक, मार्तंडगंज, गोंदीशंकर, भैंसाना, असावती, ग्राम कुमारी, रोला, पिपलिया सिर, पिपलिया जोधा।

**बाजना क्षेत्र-** प्राइमरी स्कूल छायन, ग्राम भेरूपाड़ा हरथल, नाहरपुरा, सैलज देवदा, नायन, रानीसिंग, आमलीपाड़ी, तंबोलिया, जाबड़, मलवासी, भेतिया, मौलावा, खेड़ी, संगेसरा, तालीखेड़ा, गढ़ीगमना, कुंडल, ठिकरिया, भोजपुरा, आमलीमाल, पीपलीपाड़ा, बिंटी चिकनी, नलपाड़ा, खादन, संदला, करबलखोरा।

**आलोट क्षेत्र-** आंबेडकर भवन नगर परिषद आलोट, विवेकानंद सुनार मोहल्ला आलोट, आंबेडकर भवन नगर परिषद ताल, ग्राम खजूरी सोलंकी, कराड़िया, बरशी, जोयनई शामपुर, माकनपुरा, थूरिया, किशनगढ़, मुंडलाकलां, निम्बाखेड़ी, असावता, खारवाखुर्द, कसारी, बिशलखेड़ा, अनाखेड़ी, एरवास, कोठड़ी, कलसिया, ग्राम किटखेड़ी।

नईदुनिया

नईदुनिया 31/8/21

कर जमा करने का आज अंतिम दिन

# कार्रवाई की तैयारी: नहीं जमा किया तो देना होगा तीन माह का जुर्माना

पत्रिका डेटा डिकोडेड

रतलाम. नगर निगम ने कोरोरा काल के दौरान अप्रेल से लेकर जून माह तक जिन उपभोक्ताओं ने जलकर नहीं जमा किया, उनके लिए इसको जमा करने का मंगलवार अंतिम दिन है। इस कर को जमा नहीं किया तो ऐसे उपभोक्ताओं को अर्थदंड देना होगा। शहर में कुल 36 हजार घरेलू जलकर के उपभोक्ता है। निगम में ऐसे जलकर उपभोक्ता भी है जिन्होंने वर्षो से जलकर जमा नहीं किया है। इनको भी छूट दी जाएगी।

नगर निगम ने अप्रेल से लेकर जून माह तक जलकर जमा करने पर रोक लगाई थी। असल में जलकर जमा होना जारी था, लेकिन कोरोना काल की शुरुआत फिर से हुई तो कांग्रेस की मांग पर इसको बंद किया गया। शहर कांग्रेस ने इसके लिए ज्ञापन दिया था। कांग्रेस के ज्ञापन के बाद ही निगम ने जलकर को कोरोना काल में लेना बंद किया था। इसके बाद राज्य शासन ने पहले 31 जुलाई व बाद में 31 अगस्त तक निकाय से जुड़े कर जमा करने पर छूट दी थी। इस छूट का ही मंगलवार को अंतिम दिन है।

कर जमा करने की अंतिम तिथि - **31 अगस्त**
घरेलू जलकर के कुल उपभोक्ता - **36 हजार**
तीन माह का बकाया है - **12 हजार** उपभोक्ताओं पर
संपत्ती कर के कुल उपभोक्ता - **63 हजार**
बकाया है कुल उपभोक्ता **36 हजार**
दो वर्ष से अधिक जलकर के बकाया उपभोक्ता **5 हजार**

## देना होगा अर्थदंड

असल में निजी आवास, दुकान आदि पर संपत्ती कर भी देना होता है। इसको भी कई मालिकों ने जमा नहीं किया है। इसके लिए भी 31 अगस्त अंतिम दिन हैं। अगर मंगलवार को बकाया जमा नहीं होता है तो छूट का लाभ नहीं मिलेगा व दंड के साथ कर जमा होगा।

## अर्थदंड से बचे उपभोक्ता

नगर निगम शहर में कई विकास योजनाओं पर काम कर रही है। इन योजनाओं के लिए राशि कर से ही आती है। इसलिए अंतिम दिन बकाया कर जमा करके लाभ उठाए व बाद में लगने वाले दंड से शहरवासी बचे।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 31/8/21

## निगम के करों में छूट का आज आखिरी मौका

**रतलाम** | कोरोना के चलते नगर निगम द्वारा विभिन्न करों के अधिभार में छूट दी जा रही है। अधिभार में 100 फीसदी की छूट दी जा रही है। छूट का लाभ 31 अगस्त तक ही मिलेगा। उपभोक्ता प्रभार, किराया, भू भाटक सहित विभिन्न करों के अधिभार पर छूट दी जा रही है। विभिन्न करों का भुगतान ऑनलाइन या नगर निगम के ऑफिस में जाकर जमा कराया जा सकता है। कर जमा कराने में अधिभार पर 100 फीसदी की छूट मिलेगी। 31 अगस्त तक लंबित करों का भुगतान कर छूट का लाभ मिलेगा।

दैनिक भास्कर 31/8/21

## निकाय करों के अधिभार में छूट का अंतिम दिन दिन

**रतलाम** । कोरोना काल के कारण नगरीय निकाय के करों में अधिभार में छूट देने का निर्णय गत तीन जून को लिया गया था । इस छूट का लाभ 31 अगस्त तक मिलेगा । नागरिक कर/ उपभोक्ता प्रभार/ किराया / भू भाटक, वेबसाइट सौंहचयवॅचिनैच.र्यपे.ह अथवा यूपीआइ, फोन पे, पेटीएम, गूगल पे से आनलाइन अथवा नगरीय निकाय कार्यालय में जमा कर सकते है । नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संबंधित करदाताओं को मैसेज भी भेजे गए हैं, जिसके लिंक पर जाकर भी भुगतान किया जा सकता है ।

नईदुनिया 31/8/21

**द्वारका रेजीडेंसी फर्म की धोखाधड़ी** • दस्तावेजी जांच शुरू, औपचारिकता के बाद निर्माण अवैध घोषित होगा

# नक्शे में सरकारी जमीन को सड़क बताया, प्रशासन निरस्त करेगा बिल्डिंग परमिशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नक्शे में सरकारी जमीन को सड़क बताकर अफसरों से सांठगांठ कर धोखाधड़ी से अनुमति लेने वाली द्वारका रेजीडेंसी फर्म की बिल्डिंग परमिशन निरस्त हो सकती है। जमीन से संबंधित रजिस्ट्री, मैप, निर्माण सहित तमाम अनुमतियों की जांच शुरू हो गई है। फाइनल रिपोर्ट आने के बाद परमिशन निरस्त करने की कार्रवाई होगी। इसके बाद नियमानुसार चार मंजिला बिल्डिंग के निर्माण को अवैध घोषित करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

बिल्डिंग के सामने वाली जिस लगभग 8500 वर्गफीट नजूल भूमि द्वारका रेजीडेंसी फर्म ने बिना अनुमति लिए सीमेंट कांक्रीट की सड़क बना दी थी, उसे प्रशासन ने लोहे की जाली लगाकर सुरक्षित कर रखा है। सैलाना रोड से द्वारका रेजीडेंसी तक जाने का रास्ता नहीं बचा है।

## अफसर भी आएंगे घेरे में, गलत तरीके से दी परमिशन



राम मंदिर के सामने निर्माणाधीन द्वारका रेजीडेंसी और उसके सामने की जमीन पर प्रशासन द्वारा लगाई गई लोहे की जाली।

द्वारका रेजीडेंसी को गलत परमिशन देने वाले अफसर भी कार्रवाई के घेरे में आएंगे। इसमें सरकारी जमीन को नजरअंदाज कर बिल्डिंग का नक्शा पास करने वाले टाउंड कंट्री प्लानिंग के उपसंचालक और निर्माण अनुमति देने वाले नगर निगम के इंजीनियर भी शामिल है। वह भी तब जब 2018 में तत्कालीन अपर कलेक्टर ने आयुक्त नगर पालिक निगम, उप-पंजीयक और सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग को किसी भी प्रकार की विकास अनुज्ञा, निर्माण अनुमति और विक्रय पंजीयन बगैर प्रशासन की अनुमति के नहीं करने के निर्देश जारी किए थे। इसके पहले तत्कालीन अपर कलेक्टर ने सर्वे नंबर 43/1131 की रकबा 0.840 हेक्टेयर भूमि को लेकर जांच करवाई थी। इसमें पटवारी ने शासकीय भूमि की रजिस्ट्री होना बताया था।

**...और शिकायतें भी मिलीं :** सोमवार को रेजीडेंसी को लेकर कुछ और शिकायतें मिली हैं। इनमें कुछ निवेशक व दुकान, फ्लैट्स खरीदने वाले हैं। इसकी जांच होगी।

*एक तरफ प्रदेश शासन अवैध कॉलोनियों को वैध कर रहा है। दूसरी तरफ परमिशन लेकर किए कार्य पर कार्रवाई कर रहे हैं। अब तक नोटिस नहीं मिला है। 1956 से सारा रिकॉर्ड है, जिसमें पूर्व दिशा में आम रास्ता है। शुल्क भरकर टीएंडसीपी अप्रूवल, डायवर्शन, निगम से बिल्डिंग परमिशन और रेरा अप्रूवल लिया है।*
**जितेंद्र नागल**, द्वारका रेजीडेंसी फर्म

*नक्शे में सरकारी जमीन को आम रास्ता बताकर अनुमति ली गई है। अनुमति को निरस्त किया जाएगा। अफसरों की भी गलती है। कार्रवाई करेंगे।*
**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर

भास्कर

दे.भास्कर 31/8/21